आतंरिक शिकायत समिति (Internal Complaint Committee)
उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

आंतरिक शिकायत समिति उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा विगत वर्ष विश्वविद्यालय में कार्यरत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा महिला उत्पीड़न के रोकथाम हेतु समिति की कई बार पीठासीन अधिकारी प्रो० रेनू प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई| बैठक में समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठन के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया| बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वस्थ कार्य संस्कृति का निर्माण, भेदभाव रहित वातावरण तथा महिलाओं को कार्य करने की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए निरंतर बैठक आयोजित करने तथा विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया| विगत एक वर्ष में विश्वविद्यालय में महिला उत्पीडन से सम्बंधित एक भी केश दर्ज नहीं हुआ| महिला उत्पीड़न को रोकने हेतु समिति में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मिलित किया गया है| अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2022 को विश्वविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया | इस संगोष्ठी में महिलाओं के अधिकारों तथा महिला उत्पीड़न के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा तथा विचार विमर्श किया गया| इस अवसर पर महिलाओं के साथ भेदभाव, यौन शोषण, महिलाओं को समाज में भागीदारी, महिला सुरक्षा तथा यौन उत्पीड़न से सम्बंधित विभिन्न अधिनियमों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जैसे लैंगिक उत्पीड़न में कौन-कौन सी गतिविधियाँ आती है, इनके लिए क्या-क्या कानून है तथा किस प्रकार हम कानून का प्रयोग कर सकते है, क्योकि लैंगिक उत्पीड़न से सम्बंधित घटनाओं का मुकाबला या निषेध के लिए क़ानूनी पहलुओं की जानकारी आवश्यक है| संगोष्ठी में विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया| आंतरिक शिकायत समिति द्वारा विश्वविद्यालय में मई 2022 में एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है| जिसमे समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों तथा विद्वानों को बुलाकर महिला उत्पीड़न तथा महिला अधिकारों पर विस्तृत चर्चा किया जाना प्रस्तावित है, जिससे विश्वविद्यालय में स्वस्थ कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित कर महिलाओं को कार्य करने की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की जा सकें|

Renu

प्रो० रेनू प्रकाश

पीठासीन अधिकारी

आन्तरिक शिकायत समिति, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी